## महत्वपूर्ण एवं खास

### खरमास खत्म होते ही शादी-ब्याह की खरीददारी बढ़ी

**सराफा में गहनों की बिक्री में हो रहा इजाफा**

रायपुर (आरएनएस)। खरमास खत्म होते ही विवाह के शुभ मुहूर्तो के साथ ही खरीददारी शुरु हो गई है। सदर बाजार, कपड़ा मार्केट, गोलबाजार, मालवीय रोड एवं महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट में विवाह खरीदी के लिए बड़ पैमाने पर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंच रहे है। मिली जानकारी के अनुसार सराफा में नई डिजाइनों के गहनों की खरीदी में भी इजाफा हो रहा है। सिरियल में पहने जाने वाली ज्वेलरी, साड़ियां, रेडिमेड गारमेन्टस की खरीदी के लिए विशेष आकर्षण देखा जा रहा है। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार विवाह मुहूर्त इस वर्ष जुलाई माह तक है। उक्त स्थिति को ध्यान में रखते हुए आधुनिकतम डिजाइन के वस्त्रों एवं अन्य कृत्रिम सामग्री की आवक के लिए बड़े पैमाने पर आर्डर दिये गये है।

### बस्तर को मिली नयी ट्रेन की सौगात, अब जगदलपुर से राऊरकेला एक्सप्रेस ट्रेन

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर के सीमावर्ती राज्य उड़ीसा के कोरापुट से राऊरकेला तक चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन का जगदलपुर तक विस्तार किया गया है। हालांकि इसके संचालन की तिथि अभी तय नहीं हुयी है किंतु 26 जनवरी से विस्तार की संभावना रेलवे सूत्रों ने जतायी है। विशाखापटनम रेलमंडल के जनसंपर्क अधिकारी जी. सुनील कुमार ने कहा कि रेल मंत्रालय ने 6 ट्रेनों के विस्तार की हरीझंडी दी है। ट्रेन क्रमांक 1807-18108 राउरकेला इंटरसिटी एक्सप्रेस अब अतिशीघ्र जगदलपुर तक संचालित की जाएगी।

### 34 आरक्षक और 17 प्रधान आरक्षकों का हुआ तबादला

बलौदाबाजार (आरएनएस)। बलौदाबाजार और भाटापारा जिले में 51 पुलिस कर्मियों का ट्रांसफर आर्डर पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल ने जारी किए हैं। इनमें 34 आरक्षक और 17 प्रधान आरक्षक शामिल हैं। गणतंत्र दिवस से महज 3 दिन पहले हुए इस तबादले से विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। इनमें से ज्यादातर आरक्षक थानों में तैनात हैं तो कुछ रक्षित आरक्षी केंद्र में तैनात बताए जा रहे हैं। प्रधान आरक्षक रामगोपाल शर्मा का तबादला थाना गिधौरी से यातायात शाखा भाटापारा किया गया है। तो वहीं प्रधान आरक्षक अलखराम डहरिया का तबादला पुलिस चौकी लवन से गिधपुरी थाना किया गया है। प्रधान आरक्षक नीरज दुबे को लवन पुलिस चौकी से बलौदाबाजार सिटी कोतवाली थाने में तैनात किया गया है। तो वहीं प्रधान आरक्षक संजीव सिंह को थाना गिधौरी से भाटापारा थाने में तैनात किया गया है। इसके अलावा भी तमाम दूसरे आरक्षकों का भी तबादला किया गया है।

### समर्पित नक्सलियों ने नौकरी की लगायी गुहार

जगदलपुर (आरएनएस)। आत्मसमर्पित नक्सलियों को गोपनीय सैनिक बनाने व नौकरी से निकाल दिए जाने के मामले में पीड़ितों ने डीजीपी को आवेदन पत्र देकर नौकरी बहाल करने की गुहार लगाई है। उन्होंने जीवन यापन करने के लिए विभाग में सेवाएं देने की बात कही है।

### किसानों को कर्जमाफी के नाम पर 10, 20, 50 रुपये देना एक भद्दा मजाक : शिवराज सिंह

भोपाल। शिवराज चौहान ने कहा- लोगों को फार्म लोन के नाम पर 10 रुपये, 20 रुपये और 50 रुपये दिए जाने की खबरें एक भद्दा मजाक है। मैंने कृषि ऋण माफी लाभार्थियों की एक सूची की जाँच की, सूची का आधा हिस्सा अंग्रेजी में था। किसान इसे कैसे समझ पाएंगे?

### कैंसर पीड़िता युवती को झाड़फूक से उपचार करने का झांसा देकर युवक ने 50 हजार रुपए की ठगी की

बिलासपुर. शहर में रहने वाली एक कैंसर पीड़िता युवती को झाड़फूक से उपचार करने का झांसा देकर युवक ने 50 हजार रुपए हड़प लिया। इलाज के नाम पर उसने पीड़िता से दुष्कर्म का प्रयास किया। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

सरकंडा पुलिस के अनुसार शहर में रहने वाली 25 वर्षीय एक युवती कैंसर बीमारी से पीड़ित है। परिजन उसका लगातार अस्पताल में उपचार करा रहे थे। अपोलो अस्पताल में 15 जनवरी को युवती के पिता की मुलाकात तालापारा निवासी हाशमी मुसलमान नाम के युवक से हुई थी।

# झीरम कांड : एनआईए ने एसआईटी को सौंपे जांच के दस्तावेज!

## कांग्रेसजनों को उम्मीद असली गुनाहगार होंगे बेनकाब

रायपुर (आरएनएस)। झीरमघाटी कांड की जांच कर चुके एनआईए ने जांच से जुड़े सारे दस्तावेज एसआईटी को उपलब्ध करा दिया है। झीरमकांड की जांच कर रही एसआईटी से अब उम्मीद जताई जा रही है कि सच्चाई जल्द ही प्रदेश की जनता के सामने आएगा और दोषी सलाखों के पीछे होंगे।

पीसीसी के प्रवक्ता सुशील आनंद शुक्ला ने एक बयान में कहा है कि झीरम का सच और असली गुनाहगार जल्द सामने आ जाएंगे। एसआईटी जांच पर पूरा भरोसा जताते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि राज्य कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल ने एसआईटी का गठन किया है। और इसके पूर्व एनआईए इसकी जांच कर चुकी है। एसआईटी ने एनआईए से जांच से जुड़े सभी दस्तावेज मांगे थे।

ऐसी जानकारी मिली है कि एनआईए ने सारे दस्तावेज एसआईटी को उपलब्ध करा दिया है। अब हमें पूरा भरोसा है कि झीरम की सारी सच्चाई सामने आ जाएगी। झीरम का षड्यंत्र सामने आएगा और झीरम के असली गुनाहगार सलाखों के पीछे होंगे।

ज्ञात हो कि कांग्रेस ने शुरू से ही झीरमहत्याकांड को एक सुनियोजित राजनीतिक षड्यंत्र करार दिया है और इसकी शुरू से ही सीबीआई जांच की मांग करते आ रही है। लेकिन राज्य सरकार ने कभी भी सीबीआई जांच की अनुशंसा नहीं की, दूसरी ओर एनआईए से इस हत्याकांड की जांच कराई गई लेकिन नतीजा कुछ भी सामने नहीं आया था।

राज्य में कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले झीरमकांड की एसआईटी से जांच कराने का निर्णय लिया गया, इसी कड़ी में गठित एसआईटी इस समय झीरमहत्याकांड की पुनः जांच कर रही है।

## फतेहपुर में भीषण सड़क हादसा, चार की मौत आधा दर्जन घायल

फतेहपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिला में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार बोलेरो कार खड़े ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी भयंकर थी कि चार लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दोनों वाहनों में हुई टक्कर के बाद चीखपुकार मच गई। शोर सुनकर ग्रामीण दौड़े और राहगीरों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से बस में फंसे लोगों को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। इस भीषण हादसे में कई लोग घायल हो गए। पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल व्यक्तियों को निकट के अस्पताल में भर्ती कराया, यहाँ उनका इलाज चल रहा है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना देकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मौत की खबर मिलते ही मृतकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की पड़ताल कर रही है।

जानकारी के अनुसार, घटना फतेहपुर जनपद के बकेवर थाना क्षेत्र के अलमापुर मोड़ के पास की है। यहाँ इटावा जनपद के पिपरौली गढ़िहा थाना सहसों निवासी विजय पाल को ससुराल फतेहपुर जनपद के मलवा थाना क्षेत्र के भदवा गांव में है। विजयपाल के साले धनंजय की कल मृत्यु हो गई थी। इसी में शामिल होने सभी लोग भदवा गांव जा रहे थे। भोर करीब 3.30 बजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत अलमापुर मोड़ के पास एक ढाबे में सड़क किनारे खड़े ट्रक में बोलेरो पीछे से जा भिड़ी।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियां अंतिम चरणों में

**चौक-चौराहों पर तिरंगे की बिक्री बढ़ी**

रायपुर (आरएनएस)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहर के प्रमुख निजी एवं शासकीय संस्थानों में सांस्कृतिक एवं देशभक्ति पूर्ण कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम चरणों में चल रही है। देश भक्ति में इजाफा करने के लिए शहर भर के चौक-चौराहों में तिरंगा झंडा की बिक्री हो रही है। दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के प्रतीक झंडा को लेकर हर उम्र के लोगों में खासा उत्साह है।

## 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में छत्तीसगढ़ की झांकी को स्थान नहीं मिलना दुखद - कांग्रेस

रायपुर (आरएनएस)। राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर देश की राजधानी दिल्ली में भारत की अनेकता में एकता तथा देश के जांबाज सैन्य शौर्य एवं विभिन्न राज्य अपनी गौरवगाथा तथा परंपराओं को प्रदर्शित करने वाली झांकी आयोजित करती है।

मगर दुख हुये छत्तीसगढ़ का दुर्भाग्य है, कि इस वर्ष राजधानी दिल्ली में 26 जनवरी राष्ट्रीय पर्व पर छत्तीसगढ़ की झांकी को प्रस्तुतिकरण के अवसर प्राप्त नहीं होगा।

यदि कंडेलनहर सत्याग्रह की झांकी दिल्ली में प्रदर्शित होती तो छत्तीसगढ़ में आजादी की लड़ाई और गांधी जी के प्रवास की जानकारी सबको मिलती।

## कमांडर जीप पलटी, 2 की मौत, 5 घायल

कोंडागांव (आरएनएस)। पुलिस थाना केशकाल के ग्राम अरंडी के समीप कमाण्डर जीप के पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। हादसा ड्रायवर की लापरवाही से हुआ, हादसे में वाहन पर सवार दो बुजुर्गों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद वाहन चालक फरार है।

केशकाल पुलिस के अनुसार ग्राम खेतरपाल से बीती रात मंडावी परिवार शोक के कार्यक्रम में शामिल होने कमाण्डर जीप क्रं. सीजी 17 टी 0393 से जा रहे थे, तभी कमाण्डर अरण्डी के पास पलट गई। घायलों में 4 महिला व 2 पुरूष सवार थे। सभी घायल ग्राम खेतरपाल निवासी हैं।

## लोकसभा चुनाव में पहली बार किसानों का मुद्दा उठेगा : योगेन्द्र यादव

**मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल**

रायपुर (आरएनएस)। देश में हाल ही में तीन राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में आए नतीजों ने देश की दशा और दिशा बदल दी है। यह ऐतिहासिक मौका है जब अखिल भारतीय स्तर पर राज्यों के किसान संगठनों की दो वर्ष की कड़ी मेहनत के बाद आगामी लोकसभा चुनाव में किसान भूमि-और खेतिहर मजदूर का मुद्दा लोकसभा चुनावों के परिणामों को बदल देगा। देश में मोदी सरकार हर मोर्चे पर विफल है। मोदी सरकार ने संवैधानिक ढांचे को कमजोर करने का कार्य किया है। वर्षों पहले देश की राजनीति में अतीत हिस्सा बनी जिन्ना की थ्यौरी वापस लौटी है। उक्ताशय के विचार स्वराज पार्टी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र यादव ने रूबरू कार्यक्रम में व्यक्त किए। यादव ने कहा कि पूर्व सरकारों ने किसानों को अस्पताल में भर्ती किया और मोदी सरकार ने किसानों को आईसीयू तक पहुंचा दिया। उन्होंने कहा कि देश में इस समय 1 करोड़ 10 लाख नौकरियां खत्म हो चुकी हैं। वहीं छोटे उद्योगों में भी 35 लाख नौकरियां खत्म होने से युवाओं के समक्ष बेरोजगारी की स्थिति में इजाफा हुआ है।

## हॉरर फिल्म में दिखेंगे विकी कौशल और भूमि पेडनेकर



जंगली पिक्चर्स की फिल्म राजी में दमदार भूमिका निभा चुके विकी कौशल अब करण जौहर के नए प्रॉजेक्ट में दिखाई देंगे। बताया जा रहा है कि यह एक हॉरर फिल्म है जिसकी कहानी किसी जहाज के बारे में होगी। फिलहाल फिल्म का नाम तय नहीं है लेकिन इसका निर्देशन डायरेक्टर शशांक खेतान के असिस्टेंट डायरेक्टर भानुप्रताप सिंह कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, विकी मुंबई में महीनेभर से चुपचाप इसकी शूटिंग कर रहे हैं और इसका काफी सारा हिस्सा शूट किया जा चुका है। फिल्म में एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर भी होंगी।

## सिम्स में आगजनी की घटना की जांच के लिए दल गठित

बिलासपुर (आरएनएस)। बिलासपुर जिला कलेक्टर डॉ. संजय अलंग के निर्देश पर छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान बिलासपुर (सिम्स) में 22 जनवरी 2019 को हुई आगजनी की घटना की जांच एवं परीक्षण के लिए जांच दल का गठन किया गया है।

गठित जांच दल को घटना की जांच एवं परीक्षण कर प्रतिवेदन एक हफ्ते भीतर प्रस्तुत करने का निर्देश दिए गए हैं।

## सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखी सोने की जेवर पार

रायपुर (आरएनएस)। सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के आलमारी में रखी लाखों रुपये के सोने की ज्वेलर्स चोरी किये जाने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार न्यू चंगोराभाठा महादेव नगर, डीडीनगर निवासी सीतल सचदेव 53 वर्ष पिता स्व.गोलामल सचदेव ने रिपोर्ट दर्ज करायी है कि सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे के अंदर प्रवेश कर आलमारी में रखे रखी सोने की चैन व मंगल सूत्र एवं अंगुठी सहित टाप्स, झुमका एवं अन्य सोने की जेवर को किसी ने चोरी कर लिया है। जेवर की अनुमानित कीमत लगभग 1लाख 25 हजार रुपयें आंकी गई है।

## 26 एवं 30 को मांस- मटन विक्रय प्रतिबंधित रहेगा

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन के पर्यावरण एवं नगरीय विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग ने राजधानी रायपुर निगम क्षेत्र के समस्त 70 वार्डो में स्थित सभी पशुवध गृहों, समस्त मांस-मटन विक्रय केन्द्रों को शतप्रतिशत रूप से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2019 एवं महात्मा गाँधी के निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2019 के पावन अवसर पर बंद रखने एवं मांस-मटन विक्रय पूरी तरह प्रतिबंधित करने का आदेश दिया है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर नगर निगम प्रशासन के स्वास्थ्य विभाग द्वारा तत्काल मांस- मटन जप्त करके संबंधित दुकानदार व व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कडी कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके मिश्रा ने निगम के समस्त जोन स्वास्थ्य अधिकारियों एवं जोन स्वच्छता निरीक्षकों को गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2019 एवं महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस दिनांक 30 जनवरी 2019 के पावन अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रों में दिनभर सतत पर्यवेक्षण कर प्रतिबंध आदेश का पूर्ण व्यवहारिक परिपालन कड़ाई के साथ सुनिश्चित करवाने के आदेश दिये हैं।

## एक फरवरी से केबल टीवी मनोरंजन होगा महंगा

**ट्राई ने नियमों में बदलाव नहीं किया तो केबल ऑपरेटर एक को करेंगे ब्लैक आउट**

रायपुर (आरएनएस)। एक फरवरी से टेलीकॉम रेग्यूलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) द्वारा केबल मनोरंजन में बदलाव के चलते उपभोक्ताओं को पहले की तुलना में 100 रूपये से 300 रूपये तक मूल्य के अपेक्षा न्यूनतम 130 रूपये प्रतिमाह एवं पे चैनलों के साथ मनोरंजन की कुल कीमत 700 चुकानी होगी। केबल निर्माताओं के समक्ष उक्त निर्णय के चलते आर्थिक दशा खराब होने की जानकारी केबल फेडरेशन ऑफ इंडिया के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुबोध कटियार एवं अन्य ने प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।



कटियार ने बताया कि देश में डेढ़ करोड़ ऑपरेटर टेलीकॉम रेग्यूलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई)के इस निर्णय से प्रभावित होंगे। वहीं प्रदेश में ढाई लाख केबल ऑपरेटर प्रदेश के 10 लाख उपभोक्ताओं को महंगा मनोरंजन देने पर मजबूर होंगे। उपरोक्त स्थिति ऑपरेटर एवं आम जनता के लिए अच्छी नहीं है।

## मैंने कभी सिनेमा से ब्रेक नहीं लिया: नेहा धूपिया



एक्ट्रेस, मॉडल, रेडियो प्रेजेंटर और अब पिछले साल शादी करके मां भी बन चुकीं नेहा धूपिया का कहना है कि उन्होंने कभी सिनेमा से ब्रेक नहीं लिया। इस सवाल पर कि फिल्मों में अच्छी शुरुआत करने के बाद आप कहां गायब हो गई थीं? नेहा कहती हैं, मुझे नहीं लगता कि मैंने कभी भी सिनेमा से ब्रेक लिया हो, हां, बीच में अलग तरह का सिनेमा किया है। जब मैंने करियर शुरू किया उसके बाद से 2 या 3 फिल्में हर साल रिलीज होती रही हैं। प्रेग्नेंसी के वक्त काम से ब्रेक जरूर लिया, अब मेरी बेटी 6 हफ्ते की हो गई है। तो उसके लिए मुझे वक्त चाहिए था।

## सोने से पहले सरसों का तेल लगाने के फायदे

सरसों का तेल बहुत ही लाभदायक होता है। अगर पुरुष विस्तर पर जाने से पहले सिर्फ इन दो अंगों पर सरसों का तेल लगाते हैं तो बहुत ही लाभ मिलेगा और यह बहुत अच्छा कमाल दिखाता है। बता दें कि सरसों के तेल में 60 प्रतिशत मोनोअनसेचुरेटड फैटी एसिड होता है जिसमें 42 प्रतिशत इरुसिक एसिड और 12 प्रतिशत ओलेक एसिड होता है, इसमें 21 प्रतिशत पोलीअनसेचुरेटेड होता है, जिसमें से 6 प्रतिशत ओमेगा-3 अल्फा-लिनोलेनिक एसिड और 15 प्रतिशत ओमेगा -6 लिनोलेनिक



एसिड होता है और 12 प्रतिशत संतृप्त वसा होता है।

1) हर किसी पुरुष के लिए यह फायदेमंद नुस्खा है। इसके लिए आप रोजाना सरसों का तेल लेकर अपने पैरों के तलवे पर लगाकर मालिश करें। ऐसा करने से आपकी आंखों की रोशनी तो तेज होगी ही, साथ ही आपको रात में नींद भी अच्छी आएगी। इसके अलावा इस उपाय को करने से आपका शरीर मजबूत होगा, साथ ही शरीर में भी कोई परेशानी नहीं होगा।

2) आपको बता दें कि अगर आप विस्तर पर जाने से पहले अपनी नाभि पर सरसों का तेल लगाते हैं। तो ऐसा करने से आपके होंठ मुलायम बने रहेंगे।

साथ ही ऐसा करने से आपके पेट में कभी दर्द नहीं होगा और आपकी पाचन क्रिया ठीक बनी रहेगी।

## एसएसपी ने गणतंत्र दिवस की सुरक्षा के लिए लगाए 20 राजपत्रित अधिकारियों सहित 1000 से अधिक पुलिस के जवान

लखनऊ (आरएनएस)। पूरे देश में गणतंत्र दिवस 2019 की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। गणतंत्र दिवस को अब 2 दिन और रह गए हैं, लेकिन सुरक्षा के मद्देनजर लखनऊ पुलिस अभी से मुस्तैद नजर आ रही है। सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह से चौकस है। अभी हाल ही में डीजीपी ने बैठक कर सुरक्षा को लेकर मातहतों को पूरी तरह से अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि इस मौके पर प्रमुख शहरों में सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी की जायेगी। डीजीपी ने पूरे शहर में खास सतर्कता



अभी से बरतने के निर्देश दिए गए हैं और माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर भी खुफिया तंत्र को अलर्ट रहे के लिए कहा गया है।

एसएसपी लखनऊ कलानिधि नैथानी ने आगामी 26 जनवरी 2019 को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये हैं। जनपद के सभी होटल, ढाबा मालिकों के साथ बैठक कर ली गई है तथा वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों को चेक कर लिया गया है, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके और तुरंत कार्यवाही की जा सके। शहर के प्रमुख स्थानों माल, बाजार, रेलवे स्टेशन, बस स्टॉप आदि स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे तथा बीडीएस की टीम व इंटेलिजेंस के लोगो को तैनात किया गया है।

## अक्षय-करीना स्टारर फिल्म गुड न्यूज की रिलीज डेट हुई फाइनल

अभिनेता अक्षय कुमार, करीना कपूर खान, दिलजीत दोसांज और कियारा आडवाणी स्टारर करण जौहर के प्रॉडक्शन में बनने वाली फिल्म गुड न्यूज़ की रिलीज़ डेट फाइनल कर दी गई है। इस कॉमिक ड्रामा फिल्म को पहले जुलाई में रिलीज़ किया जाना था, लेकिन बाद में इस तारीख को रद्द कर दिया गया। तब से इस फिल्म की अगली रिलीज डेट का इंतजार दर्शक कर रहे थे।